हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

13 स्कूल में बच्चों ने दिया बेटी पढ़ाने का संदेश



14 साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक



## शहर में आज

- बार एसोसिएशन में चुनाव सुबह 7.30 बजे से
- नगर पालिका कर्मारी संघ की हड़ताल जारी रहेगी सुबह 9.30 बजे से
- सराजीव गांधी विद्युत भवन स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय में बिजली बिल के उपभोक्ताओं की शिकायत सुनी जाएंगी सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
- गोकर्ण धाम पर योग शिविर सुबह 6 बजे से
- छोटूराम चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से



### बिजली कट

- सुबह 9 से 12 बजे तक सुखपुरा चौक, कृष्णा कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, गुरु नानकपुरा, गोहाना अड्डा, प्रेम नगर, दुर्गा कॉलोनी, कैलाश कॉलोनी, चंद नगर आदि की सप्लाई बाधित रहेगी।

## खबर संक्षेप

### बंसी लाल ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने नगर निगम की सीमा में रैम्प, सीढियां, गेट एवं ब्रेकर आदि हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत नायब तहसीलदार बंसी लाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। जिलाधीश अजय कुमार द्वारा जारी अन्य आदेश के तहत जिला न्यायालय परिसर में 15 दिसंबर को को होने वाले जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत नायब तहसीलदार बंसी लाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

**प्रत्याशियों का एक-एक एजेंट हॉल में रहेगा, 13 प्रत्याशी हैं मैदान में**

# जिला बार एसोसिएशन में आज होंगे चुनाव, सभी तैयारियां पूरी

## पांच बूथ बनाए, हर बूथ पर 750 वोट डलेंगी, 7.30 बजे शुरू होगा मतदान

### शाम को ही नतीजे

- सुबह तैनात हो जाएगी पुलिस सभी अधिवक्ता सरकारी पहचान पत्र और आईडी लेकर पहुंचे
- सुरेंद्र कुमार लोरा और अरविंद श्योराण में होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह 7.30 बजे मतदान शुरू होगा। मतदान के लिए पांच बूथ बनाए गए हैं। जिनसे चार बूथों पर 750-750 वोट डाली जाएंगी, जो वोट बच जाएंगी वह पांचवे आदर्श बूथ पर डाल सकेंगे। शाम पांच बजे तक मतदान बंद कर गिनती की जाएगी। पहली बार सभी 13 प्रत्याशियों के एजेंट तैयार किए गए हैं, जो हॉल में मौजूद रहेंगे। वह अधिवक्ताओं के पहचान पत्र की जांच कर सकेंगे। अधिवक्ताओं को एक सरकारी पहचान पत्र और दूसरी आईडी लेकर मतदान के लिए आना होगा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहेगा। प्रशासन की तरफ से 30 ईवीएम मुहैया करवा दी गई हैं। हर बूथ पर पांच पांच ईवीएम रहेंगी। वीडियोग्राफी भी की जाएगी। बार की चौधर का मुकाबला प्रधान पद के प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार लोरा और अरविंद श्योराण के बीच होगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया और पंजाब एवं हरियाणा की तरफ से पांच आब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं।

### इनमें होना है मुकाबला

बार एसो में उप प्रधान के लिए अभीजित सिंह और हर्षवर्धन मलिक चुनाव लड़ रहे हैं। महासचिव पद के लिए दीपक हुड्डा, रोहित सुहाग और एतबार बैनिवाल के बीच चुनाव होना है। जबकि सह सचिव के लिए सुशीला देशवाल, ज्योति राणा और डिंपल अरोड़ा मैदान में हैं। लाइब्रेरियन के लिए विश्वजीत और अनिल कुमार चुनाव लड़ रहे हैं।

### चुनाव के लिए पांच आब्जर्वर लगाएं

बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से अधिवक्ता राज सिंह बुधवार व त्रिवेणी वर्मा को आब्जर्वर तैनात किया गया है। इसके अलावा पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल की तरफ से अधिवक्ता जयभगवान गुलिया, राजकरण पंघाल और गुलशन ललित को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जबकि चुनाव कमेटी में चीफ इलेक्शन ऑफिसर रणधीर सिंह सुहाग, रिटर्निंग ऑफिसर रामनारायण सैनी, अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर मंजीत सिंधु व जयपाल शर्मा शामिल हैं।

### इसलिए हो रहे ईवीएम से चुनाव

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने आदेश दिए थे कि रोहतक बार एसोसिएशन में इस बार चुनाव ईवीएम से करवाए जाएंगे। इसके लिए बार एसोसिएशन द्वारा गठित चुनाव कमेटी जिला उपायुक्त से मुलाकात करेगी और उपायुक्त ईवीएम से चुनाव की व्यवस्था करवाएंगे। हाईकोर्ट ने यह फैसला रोहतक के अधिवक्ता एवं प्रधान पद के प्रत्याशी अनिल शर्मा की याचिका पर सुनाया था। अनिल ने याचिका में कहा था कि रोहतक बार में चुनाव के दौरान गड़बड़ी हो सकती है। इसलिए चुनाव ईवीएम से करवाए जाएं। इसके अलावा उन्होंने याचिका में कहा कि बाहर के जिलों के अधिवक्ता रोहतक चुनाव में मतदान न कर सकें, इसके लिए व्यवस्था की जाए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद बार एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ताओं की लिस्ट में से नाम काटे गए हैं। हालांकि अनिल ने बुधवार को ही अपना समर्थन सुरेंद्र कुमार लोरा को दे दिया है।

ईवीएम से चुनाव करवाए जा रहे हैं। सुबह 7.30 बजे मतदान शुरू हो जाएगा। हर चार बूथ पर 750 वोट डाली जाएंगी। बाकि वोट आदर्श बूथ पर डाली जा सकेंगी। शाम को ही नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। पहली बार हर प्रत्याशी की तरफ से एक एक एजेंट हॉल में मौजूद रहेगा। अधिवक्ताओं को सरकारी पहचान पत्र और एक अन्य आईडी लेकर आना होगा। बार काउंसिल की तरफ से पांच आब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं।
*जयपाल शर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर*



महम। चुनाव पर चर्चा करते महम बार एसोसिएशन के वकील। *फोटो: हरिभूमि*

## बार एसोसिएशन महम का चुनाव आज, प्रधान पर रविशंकर सोनी और प्रदीप दांगी की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

शुक्रवार 15 दिसंबर को बार एसोसिएशन महम का चुनाव है। 119 मतदाता इस चुनाव में अपने वोट का प्रयोग कर सकेंगे। बार एसोसिएशन की मतदाता सूची में पहले 127 नाम थे, जिनमें से 8 नाम हटा दिए गए हैं। प्रधान पद पर मुख्य मुकाबला रविशंकर सोनी और प्रदीप दांगी बीच बताया जा रहा है। प्रधान पद के लिए पांच वकीलों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इनमें से प्रधान पद के उम्मीदवार एडवोकेट रोहतास राठी ने प्रधान पद के प्रत्याशी एडवोकेट प्रदीप दांगी का समर्थन करने की घोषणा कर दी है। सचिव पद के प्रत्याशी प्रदीप अहलावत ने अपने प्रतिद्वंदी सुनील कुमार घोघलिया को समर्थन दे दिया है। प्रधान पद पर रवि शंकर सोनी, प्रदीप दांगी, सुशील ठाकुर, राजेश पंवार व रोहतास राठी उम्मीदवार हैं। उपप्रधान पद के लिए प्रवीन अहलावत व प्रिंकल खुराना प्रत्याशी हैं। सचिव पद के लिए दीक्षांत, सुनील घोघलिया व प्रदीप अहलावत उम्मीदवार हैं। सह सचिव पद के लिए नीलम राणा व ईशा खन्ना चुनाव लड़ रहे हैं।





## जाट संस्था चुनावः आईकार्ड बांटने की प्रक्रिया हुई पूरी

### तीन चरणों में चली प्रकिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जाट संस्था के चुनाव को लेकर आईकार्ड बांटने की बांटने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जाट संस्था के ओएसडी डॉ. नवनीत अहलावत ने इसकी जानकारी दी। डॉ. नवनीत अहलावत ने बताया कि संस्था में कार्यरत कर्मियों और सामाजिक व्यक्तियों के सहयोग से आजीवन सदस्यों के 8000 से अधिक पहचान पत्र पारदर्शी और नियमानुसार बनाए गए हैं।

इनके वितरण के लिए गत 22 से 25 नवंबर तक संस्था के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में काउंटर बनाए गए थे। आईकार्ड बांटने की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई। पहले चरण में आजीवन सदस्यों ने संस्था में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर पहचान पत्र प्राप्त किए। द्वितीय चरण में दूर दराज क्षेत्रों के आजीवन सदस्यों के पहचान पत्र स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजे गए हैं। तीसरे चरण में बचे हुए पहचान पत्रों को संस्था में कार्यरत नियमित कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई कि वो पहचान पत्रों को मतदाताओं तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

### हाईकोर्ट ने लगाई थी रोक

ध्यान रहे कि त्रुटियों की वजह से ही जून-जुलाई 2016 में हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। ध्यान रहे कि जाट संस्था कई बड़ी-बड़ी शिक्षण संस्थाएं चलाकर शिक्षा क्षेत्र में समाज को अतुलनीय योगदान दे रही है। जाट संस्थान की चुनी हुई कार्यकारिणी का राजनीतिक रूप से काफी बड़ा महत्व है। लेकिन कई साल से कानूनी अड़चनों की वजह से कार्यकारिणी का चुनाव नहीं हो सका है।

### चुनाव करवाने की तैयारियां पूरी : डॉ. नवनीत



डॉ. नवनीत ने कहा कि पहचान पत्र वितरण कार्य पूरा हो चुका है। फिर भी यदि किसी सदस्य का तैयार पहचान पत्र उसे प्राप्त नहीं हुआ है तो, वो संस्था कार्यालय जाट संस्था में संपर्क कर सकते हैं। यह पहचान पत्र मतदान के लिए अति अनिवार्य दस्तावेज होगा। वीरवार को ओएसडी डॉ. नवनीत और संस्था के अन्य कर्मियों के सहयोग से संस्था के वरिष्ठ आजीवन सदस्यों 94 वर्षीय राय सिंह मान और 90 वर्षीय मास्टर रामधारी सिंह को उनके पहचान पत्र उन्हें व्यक्तिगत तौर पर जाकर सौंपे। डॉ नवनीत ने बताया कि पहचान पत्र बनाने और उसके वितरण की प्रक्रिया में सम्मिलित सभी कर्मियों का इस अभूतपूर्व कार्य में सहयोग देने पर धन्यवाद किया। डॉ. अहलावत ने बताया कि चुनाव करवाने की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।


## मंद बुद्धि से दुष्कर्म मामले में पिता को आजीवन कारावास

**रोहतक।** एएसजे-कम स्पेशल जज डॉ. गगनगीत कौर की कोर्ट ने सांपला में मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म मामले में पिता को आजीवन की सजा सुनाई है। सांपला थाना प्रभारी सुलेन्द्र ने बताया कि मंदबुद्धि युवती के पिता ने 10 फरवरी 2021 में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि युवती मंदबुद्धि है। युवती की जांच करवाई गई तो युवती 4 माह की गर्भवती मिली। जांच के दौरान पुलिस ने शक के आधार पर पिता के खून सैंपल लेकर मंदबुद्धि बेटी के भ्रूण से मैच किया गया। सैंपल मैच होने पर 1 अप्रैल 2021 को आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया। 14 दिसंबर को एएसजे-कम स्पेशल जज डॉ. गगनगीत कौर ने आरोपी पिता को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा व 5 हजार रुपये जुर्माना की लगाया है।



### मोटरसाइकिल चोरी में दो गिरफ्तार


**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनसे मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आरोपियों को कोर्ट से जेल भेजा गया है। शहर थाना प्रभारी विजेंद्र ने बताया कि कृष्णा कॉलोनी निवासी संदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। संदीप की सुखपुरा चौक के पास वर्कशॉप है। 22 मई को संदीप ने अपनी बाइक को वर्कशॉप के सामने खड़ा किया। रात 10 बजे उसे नहीं मिली। जांच के दौरान 13 दिसंबर को आरोपी विकास निवासी लाढ़ौत व नीरज निवासी झज्जर को गिरफ्तार किया है।



### टीका राम गर्ल्स कॉलेज अव्वल

रोहतक। एमडीयू के खेल प्रांगण में इंटर कॉलेज महिला सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में टीका राम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत ने एमकेजेके कॉलेज को 2-0 से हराकर खिताब जीता। जाट कॉलेज, रोहतक को यूटीडी, एमडीयू को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान मिला। एमडीयू के खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी कल दिए जाएंगे। कल पुरुष इंटर कालेज सॉफ्ट टेनिस के मुकाबले खेले जाएंगे।

काएनोस बैरियाट्रिक सैंटर





Diet और Exercise Program से विफल अवश्य मिलें

बैरियाट्रिक कैंप

15 दिसंबर (शुक्रवार) 2023 | 10:00AM -01:00PM

स्थानः काएनोस सिटी OPD
(नजदीक मानसरोवर पार्क,रोहतक)


डॉ॰ आनंद यादव
MS,FNB-MAS,FALS,FIAGES, FMAS,EFIAGES,FICRS
Bariatric, Advanced Laparoscopic Surgeon

डॉ॰ राजेश राजपूत
MD, DM, (Endocrinaology)
FRCP (Edin), FACE (USA) FICP, FIACM, FIMSA,FRSSDI, FISH

FREE TEST
Body Fat Analysis & Sugar

संपर्क करें :- 7468 02 02 02 I 7082904663

।। ओ३म् ।।





वैदिक पथ के पथिक
स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य जी
की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित

मित्र स्मृति समारोह
(जीवन दर्शन से प्रेरणा पर चर्चा)

मुख्य वक्ता

प्रोफेसर (डॉ.) सुदेश
कुलपति
भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर, सोनीपत

डॉ. अविनाश चावला
पूर्व कुलपति
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

अध्यक्षता
श्री देवव्रत ढांडा
प्रधान, जाट धर्मार्थ सभा, जीन्द

कार्यक्रम
शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023
दोपहर 2:00 बजे

स्थान
जिमखाना क्लब, सैक्टर 9, जीन्द

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

निवेदक
परम मित्र मानव निर्माण संस्थान

## खबर संक्षेप

### बच्चों को दांतों की बीमारियों के प्रति सचेत किया

**रोहतक।** अर्पण संस्था में पठानिया स्कूल से कक्षा नौवीं और कक्षा दसवीं की छात्रा नव्या और चित्रारक्षा ने मानसिक दिव्यांग बच्चों को दांतों संबंधी बीमारी से बचने के लिए ओरल हाइजीनिक का बोध कराया। चार्ट और कविताओं द्वारा बच्चों को दांतों में लगने वाले की सड़न के बारे में जानकारी दी गई।

### हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए खेड़ी महम में लगाया कैंप

**महम।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 6 से 20 दिसंबर भारतीय हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा 46वीं जूनियर गर्ल्स नेशनल हैंड बाल चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। प्राध्यापक रामनिवास चोपड़ा ने बताया कि इसके लिए खेड़ी महम गांव में 8 से 14 दिसंबर तक कैंप लगाया गया। लड़कियों को कोच उत्तम, अमित और सोमवीर ने खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी। इसमें खिलाड़ियों के खान पान व रहन सहन की उचित व्यवस्था की गई।

### महिला विरुद्ध जागरुकता अभियान जारी

**रोहतक।** महिला विरुद्ध जागरुकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं-छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। एसपी हिमांशु ने बताया कि थाना आईएमटी ने गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हुमायुपुर, थाना बहुअकबरपुर ने गवर्मेंट संस्कृति स्कूल मोखरा व गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोखरा में छात्राओं को महिलाओ से संबंधित अपराधों के बारे में जागरुक किया गया।

## मांगें न मानी तो करेंगे प्रदेश भर में आंदोलन: संजय बिढलान

# नगर निगम में आज भी रहेगी हड़ताल आमजन के काम भी होंगे प्रभावित

### सफाई कर्मचारियों, माली और अन्य कर्मचारियों ने लिया हड़ताल में भाग, सीएससी में नहीं हुआ कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर पालिका कर्मचारी संघ के नेतृत्व में नगर निगम में बृहस्पतिवार को पेन डाउन व टूल डाउन हड़ताल की। इस दौरान नगर निगम के सीएससी में कामकाज बाधित रहा। माली, बेलदार, सफाई कर्मचारियों ने भी हड़ताल में भाग लेकर आवाज बुलंद की। संघ के प्रधान संजय बिढलान ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाएंगी वह आंदोलन जारी रखेंगे। अभी दो दिवसीय हड़ताल की गई है। आगामी रणनीति तैयार कर पूरे प्रदेश में हड़ताल भी की जा सकती है। सुबह से ही कर्मचारी परिसर में एकत्रित होना शुरू हो गए। कर्मचारियों ने पहले अपनी हाजिरी लगाई और फिर हड़ताल में शामिल हो गए। इस दौरान सीएससी कर्मचारियों ने भी हड़ताल में भाग लेकर संघ की मांगों का समर्थन किया। हड़ताल को प्रधान के अलावा महासचिव श्रवण बोहत, कोषाध्यक्ष विक्की बिड़लान, जिला प्रधान अनिल कांगड़ा, संरक्षक मुन्नू चांवरिया समेत अन्य पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया।



रोहतक। नगर निगम में धरने को सम्बोधित करते हुए कर्मचारी नेता।

### सफाई कर्मियों ने ठेकेदार के खिलाफ किया प्रदर्शन



महम। हाथों में झाड़ू लेकर शहर में जुलूस निकालते महम नगर पालिका के ठेके के तहत कार्यरत सफाई कर्मचारी।

**महम।** वेतन वृद्धि व अन्य मांगों को लेकर ठेकेदारी प्रथा के तहत नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का धरना 11वें दिन भी जारी रहा। इस दिन सफाई कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर शहर में जुलूस निकाला और बाजारों व शहर की सड़कों एवं चौक चौराहों पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही नगर पालिका सचिव नवीन नांदल व नपा प्रधान भारती पंवार के ससुर फतेह सिंह पर भी भड़ास निकाली। कर्मचारियों ने कहा कि पिछले साल वे 15 हजार 100 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से काम करते थे। इस बार सीधी 5 हजार रुपए की कटौती कर दी है। जो कि नियमों के विरुद्ध है। निरंजन ठेकेदार उनको पूरा वेतन नहीं दे रहा, जबकि राहुल ठेकेदार न तो पूरा वेतन दे रहा है और न ही उनका पीएफ जमा करवा रहा और न ही ईएसआई की सुविधा दे रहा।

### ये हैं लम्बित मांगें

- गुरुग्राम से 3840 हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है। उनको वापिस लिया जाए।
- सरकार ने नौ वर्क नौ पे का फरमान जारी किया है, जो गलत है।
- सफाई कार्य से हटाए गए करीब पांच सौ कर्मचारियों के रोजगार का प्रबंध किया जाए। ताकि सफाई व्यवस्था सही ढंग से चलती रहे।
- सफाई कर्मियों को वर्दी, जूते, साबुन आदि समय पर दिया जाए।
- अस्थाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए।
- 29 अक्टूबर 2022 व को 5 अप्रैल 2023 के समझौते में मानी गई मांगों को लागू करे।
- एचकेआरएस के कर्मचारियों व पार्ट 2 में अनुबंधित आधार पर लगे सभी सीवर मैन, बेलदार, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, जेई, सहायक सफाई निरीक्षक चौकीदार व ग्रुप सी व डी के कर्मचारियों को एक कलम से नियमित किया जाए।
- शहरों के क्षेत्रफल तथा आबादी के आधार पर सफाई कर्मचारियों की स्थाई भर्ती की जाए।
- अस्थाई सफाई कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 24000 किया जाए।
- फायर विभाग को स्थानीय निकाय विभाग मे शामिल किया जाए। नियम 2016 के अनुसार योग्यता पुरी करने पर 2063 फायर ऑपरेटर के पदों पर 1327 फायर ड्राइवर व फायरमैन को समायोजित किया जाए।
- सभी सफाई कर्मचारियों तथा फायर कर्मचारियों के जोखिम भत्ता दिया जाए।
- सहायक सफाई निरीक्षकों की वेतन विसंगती दूर की जाए।
- हेल्पर ,बेलदार व ड्राइवरों को भी प्रति माह तेल व साबुन दिया जाए।
- पे रोल के सफाई कर्मचारियों व एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को सेनानिवृत्त उपरान्त ग्रेज्युटी का लाभ दिया जाए।
- सफाई दरोगा को सफाई भत्ता दिया जाए।
- सफाई कर्मचारियों तथा अन्य चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को 100- 100 गज के प्लाट दिए जाए।
- शिक्षित सफाई कर्मचारियों को पालिसी बना कर योग्यता के आधार पर ग्रुप सी के पदों पर पदोन्नत किया जाए।

### सरकार ने आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं दिया

सरकार को कई बार कर्मचारियों का मांग पत्र भेजा जा चुका है। सरकार की तरफ से आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिलता। अब दो दिवसीय पेन और टूल डाउन हड़ताल शुरू की गई है जिसमें हजारों कर्मचारियों ने भाग लिया। सरकार ने इस बार भी मांग नहीं मानी तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।
**-संजय बिढलान, प्रधान नगर पालिका कर्मचारी संघ**

# 18वें दीक्षांत समारोह के लिए बनाई 18 कमेटी

- उप राष्ट्रपति जयदीप धनखड़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 26 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले 18वें दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर यूनिवर्सिटी में मीटिंग का दौर शुरू हो चुका है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने समारोह के सुचारू एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विभिन्न कमेटियां का गठन कर दिया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर 18 कमेटियां गठित की गई हैं।

प्रो. तनेजा ने बताया कि पहली कमेटी कोआर्डिनेशन कमेटी है, जिसके चेयरपर्सन कुलपति प्रो. राजबीर सिंह हैं। सीनियर अधिकारियों को इस कमेटी में बतौर सदस्य शामिल किया गया है। कमेटी फॉर सीटिंग अरेंजमेंट का कंवीनर निदेशक सीडीओई प्रो. नसीब सिंह गिल को बनाया गया है। कमेटी फॉर रिसेप्शन ऑफ गेस्ट का कंवीनर बॉटनी विभागाध्यक्षा प्रो. पुष्पा दहिया को बनाया गया है। सिक्युरिटी एंड प्रोक्टोरियल कमेटी का कंवीनर प्रॉक्टर प्रो. एससी मलिक को बनाया गया है।

कमेटी फॉर एकेडमिक प्रोसेशन अरेंजमेंटस का कंवीनर डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुरेन्द्र कुमार को बनाया गया है। कमेटी फॉर एनाउंसमेंट्स का कंवीनर मनोविज्ञान विभाग की प्रो. शालिनी सिंह को बनाया गया है। संगीत विभाग की अध्यक्षा प्रो. विमल को कमेटी फॉर सरस्वती वंदना एंड नेशनल एंथम का कंवीनर बनाया गया है।

कमेटी फॉर अवार्ड आफ डिग्री/मेडल्स/रिलीज ऑफ सोवनिर/प्रेजेंटेशन ऑफ मोमेंटोज/प्रिपेरेशन ऑफ स्क्रॉल का कंवीनर परीक्षा नियंत्रक डा. बीएस सिन्धु को बनाया गया है। कमेटी फॉर डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ कनवोकेशन लिटरेचर का कंवीनर कुलपति के ओएसडी डा. राजीव शर्मा को बनया गया है।

कमेटी फॉर प्रिपेरेशन्स एंड प्रिंटिंग ऑफ कंवोकेशन सोवनिर एंड अदर रिलेटेड लिटरेचर का कंवीनर डीन सीडीसी प्रो. ए.एस. मान को बनाया गया है। ट्रांसपोर्ट अधिकारी जेडी दहिया को कमेटी फॉर ट्रांसपोर्ट अरेंजमेंट का कंवीनर बनाया गया है।

### प्रो. सोनिया बनीं कंवीनर

कमेटी फॉर हास्पीटिलिटी मैनजमेंट का कंवीनर प्रो. सोनिया मलिक को बनाया गया है। स्टेज संबंधित एरेंजमेंट्स के लिए कंवीनर डीएसडब्लू प्रो. रणदीप राणा को बनाया गया है। कमेटी फॉर प्रोक्योरमेंट ऑफ मेडल्स/मोमेंटोज/गाउन्स/स्टॉल्स का कंवीनर प्रो. नसीब सिंह गिल को बनाया गया है। कमेटी फॉर सेनेटाइजेशन एंड क्लीनीनैस अरेंजमेंट्स का कंवीनर एस्टेट इंचार्ज डा. विनय मलिक को बनाया गया है। कमेटी फॉर कलैक्शन ऑफ मैसेज्ज फॉर कंवोकेशन लिटरेचर का कंवीनर कुलपति के ओएसडी डॉ. राजीव शर्मा को बनाया गया है।

# श्लोक उच्चारण करके गीता के महत्व पर प्रकाश डाला

- 51 व्यक्तियों को श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति में गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज रोहतक, गौड़ ब्राह्मण संस्कृत कॉलेज, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल सांपला, गुरुकुल लाढ़ौत, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रुड़की के विद्यार्थियों ने श्लोक उच्चारण करके गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं द्वारा श्रीमद्भागवत गीता पर विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में भागवत गीता का प्रचार प्रसार करने वाले व्यक्तियों का सम्मान कार्यक्रणी द्वारा किया गया। बाबा कालिदास महाराज ने कहा कि गीता जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ज्ञान का समागम है।

### व्यक्ति को अपने मन पर नियंत्रण रखना चाहिए

हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि गीता के अनुसार हर व्यक्ति को अपने मन पर नियंत्रण रखना चाहिए। मन बहुत चंचल होता है और यही हमारे दुखों का कारण बनता है। जो व्यक्ति अपने मन पर काबू पा लेता है वो सफलता की राह पर चल पड़ता है। ऐसा व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म पर केंद्रित रहता है और लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लेता है। उन्होंने कहा कि हमें सनातन धर्म को मजबूत करना चाहिए।

### गीता मात्र एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने का सार है

मुख्यवक्ता डॉ. मारकंडे आहूजा ने कहा कि गीता मात्र एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने का सार है। गीता हमें जीवन से जुड़ी हर समस्या का समाधान देती है। गीता हमारी आत्मा का शास्त्र है, यह हमारी बुद्धि को सबल देती है।

### प्राचीन परंपरा को नहीं भूलना चाहिए

महापौर मनमोहन गोयल ने कहा कि हमें अपनी प्राचीन परंपरा को नहीं भूलना चाहिए। बुजुर्गों और नारी शक्ति का सम्मान करना चाहिए।उन्होंने कहा कि अगर हमारे अंदर शिष्टता और सदाचार स्नेह का प्रेम भाव होगा तो हम लोगों को ज्यादा अच्छी तरह समझ पाएंगे। भाजपा नेता सतीश नांदल ने भी अपने विचार रखे।

### भाषण में काजल रही प्रथम स्थान पर

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आसन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग द्वारा समाज में फैली हुई बुराइयों एवं उनके रोकथाम के उपाय के बारे में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा छुआछूत पर लेखन व भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सावक, द्वितीय स्थान नंदिनी, तृतीय स्थान भावना तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर काजल, द्वितीय स्थान पर कुसुम व तृतीय स्थान इशिका ने प्राप्त किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी रेणु ने बच्चों से समाज में फैली हुई बुराइयों को रोकने का आह्वाहन किया। इस मौके पर प्राचार्या विमला हुड्डा, जगदीश सुहाग, कैलाश, सुनीता, ईश्वर सिंह, अशोक, सत्यवती, ईंदू, अनीता, कमलेश, जयंती सहित अन्य मौजूद रहे।

# पीजीआई व सिविल अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ आज से काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीजीआईएमएस और सिविल अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ 15 से 20 दिसंबर तक काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करेगा। इस संबंध में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है। विरोध को लेकर नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन ने बृहस्पतिवार को सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि एसोसिएशन की मांगें पर संज्ञान नहीं लेने के विरोध में पूरे प्रदेश का नर्सिंग कैडर 15 से 20 दिसंबर तक काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करेगा। उन्होंने मांग की है कि नर्सिंग अलाउंस 7200 रुपये हो और स्टाफ को ग्रुप सी से ग्रुप बी में किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में संतोष अहलावत जिला प्रधान, सुदेश चौदरी, सलहाकर, संतोष मलिक सलाहकार, गीता फोगाट महासचिव, निशा संगठन सचिव, सारिता कैसिरयर, सीमा संगठन सचिव, सरोज एक्टिव मेंबर्स और सुमन जागलन मौजूद रहे। पीजीआईएमएस रोहतक की नसिंर्ग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि नसिंर्ग एसोसिएशन के सब्र का बांध टूट चुका है।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए सिविल सर्जन डॉ . अनिल बिरला को ज्ञापन सौंपते हुए नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।



### राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा आयोग ने किया निरीक्षण

**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा आयोग की ओर से निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा आयोग रूसा समिति के समनव्यक डॉक्टर राजेश गहलावत ने बताया है डीजीएचई की ओर से महाविद्यालय को रुसा 2.0 में आधिकारिक तौर पर 1.50 करोड़ की अनुदान राशि मिली। जिसमें एक करोड़ की धनराशि इंफ्रास्ट्रक्चर तथा 50 लाख की धनराशि उपकरणों की खरीद के लिए जारी की गई थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार तनेजा ने बताया कि इस निरीक्षण समिति में विनीत चावला (प्रोजेक्ट इंजीनियर) रुसा 2.0 डीजीएचई, विवेक बहल (एसडीओ हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन), विनय (जूनियर इंजीनियर) हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन) से सदस्य रहे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का यह चरण पूरा होने पर शेष रही 50 लाख रुपए की अनुदान राशि भी महाविद्यालय को जारी कर दी जाएगी। इस मौके पर हिंदू प्रबंध समिति के पदाधिकारी अश्विनी खुराना, जितेंद्र मेहता, सुनील आहूजा, श्याम कपूर, नंदलाल गिरधर, डॉ. रश्मि छाबडा, डॉ. शिखा फोगाट, डॉ. शालू जुनेजा, डॉ. चित्रा शर्मा, डॉ. पूजा चावला, सुमित, पवन धींगड़ा आदि उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन में जतिन व मृदुला अव्वल

**रोहतक।** रामनगर स्थित शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस की तरफ से प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र जतिन एवं मृदुला सीनियर ग्रुप में टॉपर रहे। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विज्ञान विभाग के एचओडी राममेहर व सोनल ने अपने विद्यार्थियों के माध्यम से पौधों के प्राकृतिक रूप से उत्पादक क्षमता को बढ़ाने के बारे में रिसर्च करवाई। इसी विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान एवं कौशल का परिचय दिया। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान एवं प्रधानाचार्य मनीषा सांगवान ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# इंटर कॉलेज फुटबाल टूर्नामेंट में राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की टीम अव्वल

- राजकीय महाविद्यालय बादली की टीम को 4-3 से किया पराजित
- तीसरे नंबर पर रही नेकीराम और जाट कॉलेज की टीम, बराबरी पर रहा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नेकीराम कॉलेज में चल रही इंटर कॉलेज पुरूष वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की टीम ने जीत ली है। फाइनल मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की टीम ने राजकीय महाविद्यालय बादली की टीम को टाइ ब्रेकर में 4-3 से हराकर मैच को अपने नाम किया। विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही दो दिवसीय फुटबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का समापन हो गया।



### तीसरे नंबर का मुकाबला बराबर रहा

इससे पहले तीसरे स्थान के लिए मैच नेकीराम कॉलेज और जाट कॉलेज के बीच हुआ। यह मुकाबला काफी रोचक रहा और बराबरी पर समाप्त हुआ। जिसके बाद दोनों टीमों को संयुक्त रूप से तीसरे नंबर का खिताब दिया गया। इसके अलावा वीरवार को एमडीयू की फुटबाल टीम का चयन भी किया गया। यह टीम जीएनए फगवाड़ा, पंजाब में खेलने जाएगी। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद गर्ग ने बच्चों को पुरस्कार देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# मनुष्य का पहला सुख स्वस्थ शरीर

**रोहतक।** गोकर्ण धाम के महंत कमलपुरी ने कहा कि मनुष्य का पहला सुख स्वस्थ शरीर है, अगर हमारा शरीर स्वस्थ नहीं होगा तो हम अपने जीवन में लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने ये बात वीरवर को बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज डेरे पर योग शिविर के दौरान उपस्थित साधको को संबोधित करते हुए कही। शिविर एलपीएस बोसाई के एमडी राजेश जैन ने अपने पिता सेठ विमल प्रसाद जैन व माता सुशीला देवी की याद में लगवाया है। योग गुरू सरदार हवा सिंह सैनी ने साधकों को योगाभ्यास करवाते हुए कहा कि आभा प्राणायाम मस्तिष्क में होने वाले ब्रेन हेमरेज से बचने के लिए बहुत कारगार प्राणायाम है, इसके करने से स्मरण शक्ति भी बढ़ती है। इस प्राणायाम को उल्फा प्राणायाम भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि हर उम्र के व्यक्ति को प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए ताकि बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर का समापन 18 दिसंबर को होगा। इस अवसर पर योग शिक्षक ईश्वर अग्रवाल, रणवीर सिंह आर्य, देवी सिंह सैनी, सन्त लाल, हंस, सुदेश गांधी, सुषमा हंस, भारत हुडिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एसपी ने पैरवी व समन में तैनात अधिकारियों-कर्मियों के साथ की बैठक

# तय समय सीमा में जमा करवाएं दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में पैरवी व समन पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसपी हिमांशु गर्ग ने की। उन्होंने पैरवी पर तैनात स्टाफ को कहा कि पैरवी पर तैनात स्टाफ थाना व अदालत के बीच की अहम कड़ी होती है।

मुकदमे से संबंधित दस्तावेजों को तय समय सीमा के अंदर अदालत में जमा करवाए। उन्होंने कहा कि न्यायालय में प्रत्येक मामलों की सुनियोजित ढ़ग से पैरवी की जाती है। गवाहों को कोर्ट में आने बारे बताए। उनकी गवाही क्या है व उनकी गवाही की अहमियत बारे बताए तथा गवाह को गवाही के बारे में विस्तार से अवगत कराए।

कोर्ट में मुकदमों की पैरवी अच्छी तरह से करें ताकि आरोपी को अदालत के द्वारा सख्त सजा दिलाई जा सके। अदालत की कार्यप्रणाली को अच्छे से जाने। समय पर डाक का आदान-प्रदान करें। एएसपी मेधा भूषण ने समन स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि अदालत द्वारा जारी किए गए समन व वारंट की तामिल समय से पहले कराए। जहां तक संभव हो सके जिसके नाम पर समन या वारंट जारी किया हुआ है उसी से तामिल कराई जाए। कोर्ट में तारीख से पहले समन या वारंट की तामिल कर संबंधित अदालत में रिपोर्ट जमा कराए। गवाही के लिए निश्चित तिथि व समय पर अदालत में हाजिर हो तथा अपनी गवाही दें। गवाहों को गवाही देने के लिए प्रेरित करें।



रोहतक। अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए एसपी हिमांशु गर्ग ।

### स्कूल में बच्चों ने दिया बेटी पढ़ाने का संदेश




रोहतक। झंग कॉलोनी स्थित ड्रीम्स प्ले स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन मोनिका और रेणू ने किया। बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। प्राचार्य डॉक्टर सुमन लता ने बताया कि बच्चों ने नाटिका प्रस्तुत करके बेटियो को पढ़ाने का संदेश दिया। जादूगर क्वीन कायजा ने बच्चों को जादू का शो प्रस्तुत किया। इस मौके पर सुमन लता, भारती आदि मौजूद रहे।

### नीलामी सूचना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटेसरा (रोहतक) के प्रांगण में खडे छः सूखे पेड़ों की नीलामी दिनांक 18-12-23 को की जाएगी। सभी सम्बंधित इच्छुक व्यक्ति, जो इसमें भाग लेना चाहते हैं, दिनांक 17-12-2023 सायं 3.30 तक 500/- रूपये की राशि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय जमा करवाकर भाग ले सकते हैं।

हस्ता/-प्राचार्य
रा. व. मा. विद्यालय, कटेसरा।

### गोशाला में हरे चारे की सेवा भेंट की

**रोहतक।** भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा द्वारा गऊ सेवा प्रकल्प के अंतर्गत वैश्य व्यायाम शाला स्थित गोशाला में हरे चारे की सेवा भेंट की गई। सदस्यों ने श्रम दान करते हुए हरा चारा खोर में डाला व गोमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह सेवा शाखा परिवार के सदस्य अंकित गुप्ता ने पुत्र क्रियांश गुप्ता के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गोशाला को भेंट की गई। इस अवसर पर रमन मित्तल, श्वेता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, साक्षी बंसल, अजेश गुप्ता, लक्ष्य गुप्ता, अध्यक्ष नीरज बंसल, सचिव दिनेश मित्तल आदि रहे।

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE

BHGYASHREE
Bollywood Actors
DR. KAWATRA
M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप


रोहतक। गंदगी का ढेर दिखाते हुए जसबीर कुमार।

### वार्ड 19 में गंदगी के ढेर से जीना हुआ दुश्वार

**रोहतक।** वार्ड नंबर 19 में डबल फाटक के पास कई दिनों से दोनों तरफ गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। इस मामले में नगर निगम के मेयर को लिखित शिकायत दी गई है। फाटक के दोनों तरफ रिहायशी इलाका होने के बावजूद भी कूड़ा उठाने की बजाए जला दिया जाता है। जिसकी वजह से आसपास के घरों में लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। यहां पर एक अंडरपास भी है जिसमें 24 घंटे पानी भरा रहता है डबल फाटक के पुल पर फुटपाथ पर भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### क्रैच केंद्रों में बच्चों से फीस लेने के फैसले की निंदा

**रोहतक।** जनवादी महिला समिति सरकारी क्रैच केंद्रों में बच्चों से फीस वसूलने के फैसले की निंदा की है। समिति ने मांग की है कि राज्य सरकार अपने इस फैसले को वापस ले। जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता व महासचिव उषा सरोहा ने कहा कि सरकार का यह फैसला कामकाजी महिलाओं विशेषकर मजदूर महिलाओं पर भारी बोझ लादने वाला है। इससे क्रैच केंद्रों में बच्चों की संख्या घटेगी।

### गीता महोत्सव में राजकीय मॉडल स्कूल के छात्र छाए

**रोहतक।** सेक्टर-2 में परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति के सौजन्य से गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुतियां दी। संवाद में काजल, चारु भव्य और हर्षिका, भाषण में गरिमा और श्लोक उच्चारण में प्राची और कनिका ने सुंदर प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य संदीप नैन ने संस्कृत प्राध्यापक हरिओम मुदगिल व प्रध्यापिका सुनीता अहलावत को बधाई दी।

## तिलियार पर्यटन केंद्र के बाहर दिल्ली रोड पर डेढ़ महीने से चौबीसो घंटे उड़ रही खतरनाक धूल

# प्रशासन डेढ़ महीने से रोजाना हजारों लोगों के फेफड़ों में उतार रहा गर्द, दिल्ली रोड पर शुरू नहीं हुआ काम

- धूल से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल असर

**अमरजीत एस गिल ▸▸ रोहतक**





नवंबर के पहले सप्ताह में एक्यूआई बढ़ा तो ग्रेप तीन और चार की बंदिश हरियाणा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने लगा दी गई। यानी के निर्माण संबंधी कार्यों पर तुरंत ब्रेक दिए गए। ये ब्रेक तिलियार पर्यटन केंद्र के सामने से गुजर रहे दिल्ली रोड पर भी लगे। निर्माण कामों को इसलिए रुकवाया गया था कि दिन-प्रतिदिन बढ़ रही पीएम 2.5 की मात्रा नियंत्रित हो। अब ग्रेप की पाबंदिया हटे कई दिन हो चुके हैं। लेकिन रोड पर अभी तक तारकोल और बजरी की लेयर नहीं डाली गई। जिसकी वजह से यहां से गुजरने वाले हजारों लोग धूल के रूप में प्रदूषण गटकने को मजबूर हैं। जिससे उनके शरीर पर खतरनाक प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### ऐसे किया खिलवाड़

आपको जानकार ये हैरत होगी कि प्रशासन ने दिल्ली रोड को लेकर हमारे स्वास्थ्य के साथ कितना खिलवाड़ किया। जब रोड का काम रुकवाया था उस समय धूल उड़ रही थी। किसी भी अधिकारी ने रत्तीभर ये नहीं सोचा कि जिस कार्य को रुकवाया जा रहा है, उससे तो पॉल्यूशन कम होने की बजाय और बढ़ेगा। क्योंकि काम बंद होने के बावजूद यहां से वाहनों की आवाजाही की वजह से नियमित रूप से धूल उड़ेगी। ध्यान रहे कि इस रोड से प्रतिदिन हजारों लोग इधर से उधर जाते हैं। जो व्यक्ति निजी चार पहिया वाहन में होते हैं, वे शीशे बंद करके पॉल्यूशन से बच सकते हैं। लेकिन सार्वजनिक और दुपहिया वाहन में सवार लोगों को तो हर हाल में यहां से गुजरते हुए प्रदूषण गटकना ही पड़ेगा।

### ये करना चाहिए समाधान

रोड पर तारकोल-बजरी की लेयर डालने का कार्य रुकवाना ही था तो सबसे पहले अधूरे काम को ठेकेदार से पूरा करवाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। धूल उड़ रही थी और काम को बीच में ही प्रशासन ने बंद करवा दिया। अब डेढ़-पौने दो महीने से चौबीसों घंटे धूल का गुबार उड़ता रहता है। धूल इतनी उड़ती है कि सांस भी लेना मुश्किल होता है। वजह है कि हर मिनट में यहां से दर्जनों वाहनों का आवागमन होता है। जब व्हीकल आते-जाते हैं तो पहिये खूब धूल उड़ाते हैं। काम रुकवाया दिया गया था तो प्रशासन ने रोड पर लेयर चढ़ा रही फर्म को निर्देशित करना चाहिए था कि धूल बिल्कुल भी नहीं उड़नी चाहिए। धूल न उड़ पाए, इसके लिए पानी का छिड़काव हो। धूल के कणों से कई घातक बीमारियां जन्म लेती हैं। सबसे ज्यादा होने वाली और सबसे पुरानी बीमारी है, सिलिकोसिस। इसके अतिरिक्त अधिक धूल मिट्टी के संपर्क में आने से आंखों के इंफेक्शन, हृदय रोग, फेफड़ों से संबंधित रोग, श्वास संबंधित रोग होने की अधिक संभावनाएं होती है। रोड पर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों पर भी धूल के कण जमा होने से इन्हें खाने से ये रोग प्रभावी होते हैं। दिल्ली रोड पर जहां लगातार प्रशासनिक लापरवाही की वजह से धूल उड़ रही है, वहां दर्जनों रेहड़ी वाले खाने-पीने का सामान बेचते हैं। इतना ही नहीं रोड के बिल्कुल साथ में ही पर्यटन केंद्र भी है, जहां सैकड़ों लोग आते हैं। इन सबके बावजूद पॉल्यूशन को लेकर प्रशासन की इतनी गफलत है।

> **प्रशासन को देना चाहिए ध्यान**
> ग्रेप तीन और चार की पाबंदी हटाई जा चुकी हैं। प्रशासन को अब दिल्ली रोड पर लेयर डलवाने का कार्य शुरू करवाना चाहिए। ताकि नियमित रूप से उड़ रही धूल बंद हो।
> - दिनेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड रोहतक

### ये बताती हैं पर्यावरणविद

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्रोफेसर राजेश धनखड़ कहती हैं कि वाहन दो प्रकार से पॉल्यूशन बढ़ाते हैं। पहले इनमें जो इंधन जलता है, उनसे खतरनाक गैस निकलती हैं। जिससे आबोहवा दूषित होती है। इसके अलावा जब वाहन रोड पर दौड़ते हैं तो उससे काफी महीन कण उड़ते हैं, जिन्हें नंगी आंखों से देखा तक नहीं जा सकता। ये कण ही शरीर के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक होते हैं।

**एक्यूआई**

| | |
|---|---|
| 1 नवंबर को | 376 |
| 2 | 388 |
| 3 | 424 |
| 4 | 320 |
| 5 | 362 |
| 6 | 334 |
| 7 | 326 |
| 8 | 362 |
| 9 | 352 |
| 10 | 241 |
| 11 | 74 |
| 12 | 137 |
| 13 | 383 |
| 14 | 342 |
| 15 | 339 |
| 16 | 409 |
| 17 | 330 |
| 18 | 269 |
| 19 | 294 |
| 20 | 294 |
| 21 | 330 |
| 22 | 337 |
| 23 | 314 |
| 24 | 360 |
| 25 | 352 |
| 26 | 370 |
| 27 | 315 |
| 28 | 263 |
| 29 | 154 |
| 30 को | 345 |

## संसद पर हमला सुरक्षा एजेंसी की विफलता : ढांडा

- आम आदमी पार्टी हरियाणा में शुरू कर रही है बदलाव यात्रा
- संसद पर हमला करने वालों को सजा देने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**



बुधवार को युवाओं द्वारा किए गए संसद पर हमले के बाद राजनीतिक पार्टियों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी हरियाणा के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने कहा कि हमले की जांच के बाद दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमला सुरक्षा एजेंसी का फेलियर है। जिन युवाओं ने संसद पर हमला किया है उनका तरीका अलोकतांत्रिक था। उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह हमला भारतीय जनता पार्टी के उसे दावे की पोल खोलता है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी देश को सुरक्षित हाथों में होने की बात कहती है। अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा में लोग सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन चाहते हैं, जिसके लिए आम आदमी पार्टी हरियाणा में बदलाव यात्रा करेगी। भाजपा अपने चुनावी वादे पूरा नहीं कर पाई। जबकि पड़ोस में लगे पंजाब प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार ने शिक्षा में 338 प्रतिशत वृद्धि की है, उल्टा हरियाणा में शिक्षा का बजट घटा दिया गया है। अनुराग ढांडा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि तीन राज्यों में हार के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी को हराने में सक्षम नहीं है। अनुराग ढांडा ने कहा कि जब संसद ही सुरक्षित नहीं है तो देश कहां से सुरक्षित है।

## विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां

- कलानौर ब्लॉक में खंड स्तरीय कला उत्सव आयोजित किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**




खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल के निर्देशन में वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें कलानौर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम संयोजक राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर के प्राचार्य देवेंद्र कटारिया रहे। हरियाणा की संस्कृति को संजोए हुए वर्ग 9 से 12 में विभिन्न छात्र-छात्राओं के द्वारा एकल नृत्य, क्लासिकल नृत्य, वोकल एवं क्लासिकल संगीत, विजुअल आर्ट्स (2डी एवं 3डी), टॉय मेकिंग एवं एकल नाटिका आदि इवेंट्स की शानदार प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिए। निर्णायक मंडल की भूमिका मधुबाला, सीमा, गायत्री, कविता, पूनम, सविता, देवेंद्र ने निभाई। ब्लॉक लेवल की विजेता टीमें जिला स्तरीय कला उत्सव में भाग लेंगी। खंड स्तरीय कला उत्सव के आयोजन की व्यवस्थाओं में प्रमुख भूमिका बीआरपी अरविंद, हेमलता, प्रवक्ता ऋतु मलिक, अलका मदान, एकता एवं विजय कुमार की रही। इस अवसर पर प्राचार्य कर्मवीर खत्री, पूनम, सुनीता, सुमन, शम्मी, मीना आहूजा, सुनीता, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, संगीता सहित अन्य मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों के लिए होगी क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिता

- 11वीं तथा 12वीं कक्षाओं के विद्यार्थी ले सकेंगे भाग

**रोहतक।** तिलयार लेक स्थित होटल संस्थान द्वारा नेशनल काउंसिल ऑफ होटल मैनेजमेंट और कैटरिंग टेक्नोलॉजी नोएडा तथा पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत राज्य के उच्च माध्यमिक स्कूलों के 11वीं तथा 12वीं कक्षाओं के विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए अखिल भारतीय क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। भारत पर्यटन व आतिथ्य व विरासत और संस्कृति और भारत में आतिथ्य प्रबंधन क्षेत्र में अतिथि शिक्षा और करियर निर्माण में एनसीएचएमसीटी के तहत आईएचएम की भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में निबंध हिंदी या अंग्रेजी भाषा में 700 से 800 शब्दों के बीच लिखना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी मान्यता प्राप्त स्कूल में 11वीं या 12वीं कक्षा कर रहा होना चाहिए। ऑनलाइन फार्म एनसीएचएमसीटी के पोर्टल पर 8 जनवरी तक भरे जाएंगे। होटल प्रबंधन संस्थान के प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब कुमार ने बताया कि प्रथम विजेता को एक लाख रुपए की राशि और एक स्वर्ण पट्टिका, द्वितीय को 50 हजार रुपए और एक कांस्य पट्टिका तथा तृतीय विजेता को 20 हजार रुपए तथा जॉन द्वारा शॉर्टलिस्ट तथा परिषद को अग्रेषित किए गए विजेता को 10 हजार रुपए की राशि दी जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

- परिजनों के अलावा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें विद्यार्थी : मेधा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**



साइबर अपराध को रोकने के लिए पुलिस ने लोगों को जागरूक करने की पहल की। एएसपी मेधा भूषण के निर्देश पर थाना साइबर क्राइम, थाना शहर रोहतक, सांपला व आईएमटी एरिया में पुलिस ने स्कूल व कॉलेजों में जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में बताया गया।

छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वह अपने परिचितों और अभिभावकों के साथ आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। इसे साइबर अपराध से बचा जा सके। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर एनीडेस्क, एनी डेस्क, टीम विवर, क्विक सपोर्ट आदि एप डाउनलोड न करें। ऐसा करने पर साइबर अपराधी आपकी स्क्रीन साझा कर आपकी डिवाइस पर कब्जा कर लेते हैं। थाना साइबर की टीम ने छात्राओं कहा कि किसी भी अनजान नंबर से आई कॉल पर व्यक्ति की बातों का विश्वास ना करें। उन्होंने कहा कि प्रायः देखने में आया कि व्यक्ति आप के पास कॉल कर आपके पापा के खाते में ज्यादा पैसे ट्रांसफर करने का बहाना करते है और जल्दबाजी में बिना फोन कट किए आपकों वो पैसे ट्रांसफर करने को कहते है और आपकों ठगी का शिकार बनाते है। किसी भी व्यक्ति के बातों में आकर या किसी भी तरह के लालच में आकर अपनी निजी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक से संबंधित जानकारी ना बताए। पुलिस ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी फोन कॉल, व्हाट्सएप कॉल या अनजान नंबरों से उनके पास भेजे गये लिंक पर क्लिक ना करें और अपनी गोपनीय जानकारी जैसे कि बैंक खाता, आधार नंबर, ओटीपी किसी से शेयर न करें। उन्होंने कहा कि हैकर्स फर्जी मैसेज डालकर आपके बैंक से संबंधित अकाउंट को ब्लॉक करने की धमकी देकर आपकी बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर आपको ठगी का शिकार बना सकते है। फ्रॉड कॉल करने वाले व्यक्ति अक्सर 24 घंटे के अंदर बैंक खाता ब्लॉक करने का दबाव बनाकर बैंक से संबंधित जानकारी हासिल कर आमजन से ठगी करते है।

### अज्ञात नंबर से आए ओटीपी को साझा करने से बचें

एएसपी मेधा भूषण ने कहा कि कोई भी नागरिक सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के फर्जी या असत्यापित लिंक को न खोलें और अज्ञात नंबरों द्वारा भेजे गए ओटीपी को साझा करने से बचें क्योंकि इससे हैकर्स को आपकी निजी जानकारी हासिल हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन मैसेज जैसे लाटरी, रिचार्ज कूपन व डिस्काउंट के झांसे में आकर अपनी बैंक डिटेल व पहचान साझा ना करें। एटीएम मशीन से पैसे निकालते या जमा करते समय किसी अनजान व्यक्ति से सहायता ना लें।

## सर्दी बढ़ी, सांपला में नहीं रैन-बसेरे की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सांपला**

मौसम में बदलाव के बाद ठिठुरन बढ़ने लगी है और जरूरतमंद लोग ठिठुरने के लिए मजबूर हैं। प्रशासन ने इस बार सर्दी को लेकर रेन बसेरा बनाने की व्यवस्था ही नहीं की है। प्रशासन की तरफ से आदेश जारी हुए या नहीं किसी को कोई पता नहीं और न ही कोई हेल्पलाइन नंबर अब तक जारी किए गए हैं। नगर पालिका की तरफ से झज्जर रोड अस्पताल के सामने पार्क के पीछे रेन बसेरा बनाया हुआ है। लेकिन रात के समय वहां पर गेट बंद मिला।

बृहस्पतिवार की सुबह रेन बसेरा को लेकर फिर पड़ताल की गई। जहां पर पुरुष व महिला के लिए अलग अलग ठहरने की व्यवस्था होती है वहां पर न तो बिस्तर मिले और न ही चारपाई मिली। यहां तक की दोनों ही कमरों में गंदगी फैली हुई मिली। न ही कोई हेल्पलाइन नंबर मिला। बता दें कि पिछले साल भी नगर पालिका ने यह रेन बसेरा बनाया था। रेन बसेरे में रात के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मौके पर कोई कर्मचारी भी मौजूद नहीं था। ठंड में कोई जरूरतमंद खुले आसमान के नीचे रात न गुजारे, इसको लेकर प्रशासन हर साल आदेश जारी करता है। वहीं लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन से रेन बसेरा करीब 2 किलोमीटर दूर पड़ता है और इस बारे में किसी को कोई पता भी नहीं है। लोगों ने कहा कि रेलवे स्टेशन के पास ही एक बसेरा होना चाहिए ताकि रात को आने वाले मुसाफिरों को रहने की व्यवस्था मिल सके।

> **सचिव बोले**
> पार्क में रेन बसेरा का ठेका दिया है। रात की व्यवस्था नहीं है और जल्द ही व्यवस्था कर दी जाएगी।
> - **नरेंद्र**, नगर पालिका सचिव।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा मोरखेड़ी व कंसाला में पहुंची, ग्रामीणों ने किया स्वागत

# सरकार गरीब व वंचित लोगों को दिलवा रही उनका हक : ग्रोवर

- मौके पर वंचित पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का दिया जा रहा लाभ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**


रोहतक। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का बृहस्पतिवार को मोरखेड़ी व कंसाला गांवों में पहुंची। इसमें पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर मुख्य रूप से शामिल रहे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए लोगों को संकल्प भी दिलवाया गया। ग्रोवर ने कहा कि वर्तमान केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा सामाज के गरीब व वंचित लोगों को उनका हक दिलवाया जा रहा है। उन्होंने गांव के लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर पर कल्याणाकारी योजनाओं का घर द्वार पर लाभ उठाएं। ग्रोवर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि देश में कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न रहे और हर नागरिक के सर पर पक्की छत हो। वरिष्ठ नेता सतीश नान्दल ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कायार्ें की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीब पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये तक वार्षिक स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की गई है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि मोरखेड़ी गांव में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 505 लाभार्थी हैं, जिनमें से 344 वृद्धावस्था पेंशन, 28 दिव्यांग पेंशन, 101 विधवा पेंशन, 28 निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता और चार लाड़ली पेंशन के लाभार्थी शामिल हैं। गांव में गत 25 अप्रैल 2022 के बाद 39 पेंशन खुद ही बनी हैं। आयुष्मान कार्ड, चिरायु हरियाणा के इस गांव में 1227 लाभार्थी हैं। आयुष्मान कार्ड का 25 लाभार्थियों ने लाभ लिया है। इन लाभार्थियों को 3 लाख 41 हजार रुपये की दावा राशि दी गई है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपमंडलाधीश सुभाष चन्द्र जून, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, डॉ. दिनेश घिलोड़, अभिनंदन, जितेन्द्र कौशिक, देवराज सांपला, आनन्द मोरखेड़ी, सतपाल मास्टर, पवन खत्री, प्रशान्त शर्मा, ऊषा सरपंच, सुनील, महेन्द्र नंबरदार, सोनु, कर्ण सिंह, धर्मपाल, ऋषिराम, धर्मबीर प्रजापत और इन्द्र प्रजापत मौजूद रहे।

### भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक

सर्किट हाउस में बृहस्पतिवार को भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका की अध्यक्षता में हुई। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ सभी देश व प्रदेशवासियों को मिले, यह हम सब कार्यकर्ता सुनिश्चित करें। उन्होंनें कार्यकर्ताओं को कहा कि विपक्ष भाजपा से बहुत पीछे है। यह स्थिति आज हजारों-हजार कार्यकर्ताओं की मेहनत से सम्भव हो पाया है। इसका लाभ लें और जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु 2-3 घंटे अवश्य दें। ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री 18 घंटे काम करते हैं हमें भी 3 घंटे अवश्य देने हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने अभी तक 36 गांवों में सम्पन्न हुई यात्रा की समीक्षा की और सभी कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए।